कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................./सम्बद्धता/2021

दिनांक :...

कार्यालय–ज्ञाप

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त/सम्बद्ध महाविद्यालय,
(लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी),
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय,

सूच्य है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1018/सत्तर–2–2020– 16(11)/2017, दिनांक 17 नवम्बर, 2020 द्वारा बी0एड0 के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/परास्नातक स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु (आगामी शिक्षा सत्र के लिये) अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावो के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय–सारिणी निर्धारित की गयी है जिसके अनुसार एन0ओ0सी0 हेतु वेबसाईट "https:/henoc.upsdc.gov.in" पर ऑन लाइन आवेदन किये जाने के लिए दिनांक **15 जनवरी, 2021** की अन्तिम तिथि निर्धारित है।

यह भी उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 शासन द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के चार जनपदों–हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली को लखनऊ विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में सम्मिलित कर **शासन द्वारा इन महाविद्यालयों के नाम लखनऊ विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जोड़** दिये गये हैं।

अतः लखनऊ सहित चार अन्य जनपदों–हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली में बी0एड0 के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/परास्नातक स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु (आगामी शिक्षा सत्र के लिये) अनापत्ति के लिए **उपरोक्तानुसार 15 जनवरी, 2021** तक ऑनलाइन आवेदन कर उसके प्रिंटआउट की प्रति संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : Af 281-286 दिनांक : 7/1/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी– लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली को सूचनार्थ प्रेषित।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, बंगला बाजार, आशियाना, लखनऊ।
5. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाईल।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव